जनवरी 2024

₹ 20

# समाजवादी बुलेटिन




## 2024
## 80 में 80

R.N.I. No. 68832/97

सांप्रदायिक ताकतों की विभाजनकारी राजनीति से सावधान रहने की जरुरत है। समाजवादी विचारधारा ही ऐसी ताकतों को रोक सकती है। समाजवादी पार्टी के युवा कार्यकर्ता समाज को बांटने वाली इन ताकतों के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से अपनी वैचारिक लड़ाई जारी रखें।

मुलायम सिंह यादव
संस्थापक, समाजवादी पार्टी



समाजवादी बुलेटिन

जनवरी 2024

वर्ष 25 | संख्या 03


*प्रिय पाठकों*

*नव वर्ष की शुभकामनाएं!*

*आपको बधाई एवं हृदय तल से आभार। आपकी प्रिय पत्रिका समाजवादी बुलेटिन अपने रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। आप सभी के प्यार और उत्साहवर्धन की बदौलत यह संभव हो पाया। समाजवादी बुलेटिन के ढाई दशक के सफर में इसके नए कलेवर को आपने खूब सराहा। हम भरोसा दिलाते हैं कि वैचारिक स्तर पर आपको समृद्ध करने का हमारा प्रयास सतत जारी रहेगा। कृपया अपना स्नेह यूं ही बनाए रखें।*

*धन्यवाद*


प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक

**प्रोफेसर रामगोपाल यादव**

☎ 0522 - 2235454

samajwadibulletin19@gmail.com

bulletinsamajwadi@gmail.com

Mob:- 9598909095

/samajwadiparty

समाजवादी पार्टी के लिए

19, विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ से प्रकाशित

अवध पब्लिशिंग हाउस, 8 पान दरीबा, लखनऊ से मुद्रित

R.N.I. No. 68832/97


# अंदर


ख्वाजा के दरबार में अखिलेश ने भेजी चादर 38





08 कवर स्टोरी


## 2024

## 80 में 80




## PDA ही गैर बराबरी खत्म करेगा -अखिलेश 32




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने एटा जनपद के नगला डांडी में शहीद मेजर केपी सिंह यादव की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने शहीद केपी सिंह यादव को नमन करते हुए जनसभा को संबोधित भी किया। जनसभा में श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का काम जनता को धोखा देना है। भाजपा सरकार में लोगों में गैर बराबरी बढ़ी है। इसी गैरबराबरी को खत्म करने के लिए समाजवादी पार्टी ने PDA का नारा दिया है।


सांसद डिंपल जी का जन्मदिन: समाजवादियों ने की जनसेवा 34

गोवा में समाजवादियों की संभावना 40




# लोकतंत्र की प्लास्टिक सर्जरी



उदय प्रताप सिंह

भारतीय संसद में विपक्ष के 146 सांसदों का सदन से निष्कासन लोकतंत्र के इतिहास में एक स्मारकीय दुर्घटना के रूप में दर्ज किया जाएगा। 146 सांसदों का निष्कासन करके देश की एक चौथाई आबादी की आवाज बंद कर दी गई। वर्तमान सरकार का यह एक और नया क़दम है जो इशारा कर रहा है कि लोकतंत्र के ताने-बाने में क्रांतिकारी परिवर्तन की योजना तैयार है।

यह सरकार हमें अपने छद्म राष्ट्रवाद से सम्मोहित कर रही है जिसमें संविधान सम्मत गणराज्य लोकतंत्र की प्रक्रिया और न्यायालय के अस्तित्व की इतिश्री हो जाएगी। हम कह सकते हैं कि असंवैधानिक एकतंत्रवाद के चेहरे पर लोकतंत्र का चेहरा प्लास्टिक सर्जरी से आरोपित किया जा रहा



फोटो स्रोत : गूगल

है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संवैधानिक नैतिकता पर हर रोज उपदेश देते हैं लेकिन ऐसा लगता है कि इससे अधिक करने की स्थिति में अब वे भी नहीं रह गए हैं।

इसमें अब कोई संदेह नहीं है कि सरकार के तीनों अंगों के अधिकारों के विभाजन की पवित्रता अब अपना स्वरूप शनैः शनैः खोती जा रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि न्यायपालिका और विधायिका दोनों कार्यकारिणी के प्रति इस प्रकार नतमस्तक हैं जैसे राजतंत्र में होता है। दलगत राजनीति में बहुमतवाद से आतंकित होकर न्याय करने और कानून बनाने का वास्तविक अधिकार भी कार्यकारिणी में विलय होता जा रहा है।

सरकार से जुड़े हुए लोग संविधान में परिवर्तन करके प्रेसीडेंशियल फॉर्म ऑफ गवर्नमेंट का सपना देख रहे हैं। इसी कोशिश को मैं तानाशाही के चेहरे पर प्लास्टिक सर्जरी करके वर्तमान में दुनिया को दिखाने के लिए लोकतंत्र का चेहरा आरोपित किया जाना कहता हूं।

लोक हितकारी सरकार सदैव जनता के प्रति उत्तरदायी होती है, यह सिद्धांत लोकतंत्र की आत्मा है लेकिन प्रश्न करने वाली जितनी एजेंसियां थी उन सबको चतुराई से अपंग कर दिया गया है। चाहे वह सरकार की संवैधानिक संस्थाएं हो या प्रिंट मीडिया या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया हो वे अब सरकार से प्रश्न पूछने की स्थिति में नहीं हैं। लेखक और साहित्यकारों को सरकार के विरुद्ध कुछ लिखने पर राष्ट्रद्रोह के मामले में फंसा लिया जाता है। ऐसा लगता है कि सरकार और देश एक दूसरे के पर्याय हो गए हैं, सरकार की नीतियों की आलोचना राष्ट्र की आलोचना मानी जाती है।

सरकार से उसकी नीतियों पर सवाल करने का सबसे बड़ा संगठन विपक्ष होता है जिसको सरकार ईडी, इनकम टैक्स और सीबीआई जैसी संस्थाओं से हमला कराके डराती रहती है और जब यह भी उन्हें कारगर नहीं दिखाई दिया तब 146 सदस्यों को निलंबित करके न्याय नागरिक और साक्ष्य जैसे महत्वपूर्ण कानून विपक्ष की गैर हाजिरी में बिना बहस मुबाहिसा के जिस तरह से संसद में पारित किए गए हैं वह लोकतंत्र के संस्थागत विघटन का भारत के इतिहास में एक अनूठा उदाहरण होगा।

उस पर पिछले कुछ दिनों से लोकतंत्र के ठेकेदारों की भाषा में तानाशाही की आहट सुनाई पड़ती है भाषा का स्तर बेडौल हो रहा है, सत्ता अपनी व्यक्तिक इच्छाओं की अभिव्यक्ति करने में तनिक भी नहीं हिचकिचाती। ऐसा प्रतीत होता है कि समूचे राष्ट्र के उत्थान की इच्छा केवल प्रधानमंत्री की इच्छा में अभिव्यक्त पा रही है। वैश्विक राजनीति की भाषा में इसे निर्वाचित तानाशाही कहते हैं। क्या हम इस निर्वाचित तानाशाही से सम्मोहित हो रहे हैं? सरकार की सारी संस्थाओं और अंगों के अधिकारों का समापन हो गया है और वह सब प्रधानमंत्री के पद में केंद्रीकृत हो रही हैं।

इन सब चिंताओं पर चर्चा होना बहुत जरूरी है और यह तभी हो सकता है जब देश के बुद्धिजीवी, विचारक लेखक तटस्थ न रहकर अपने-अपने दायरे में सक्रिय रहें और जनता के सामने देश की इस वास्तविक स्थिति को प्रस्तुत करें। इससे आगामी चुनाव में आम मतदाता यह निर्णय लेकर कि जो हो रहा है वह ठीक है या नहीं है, अपने मत का प्रयोग कर सकें।

जयहिंद-जय समाजवाद

# कठिन घड़ी में परिवारों के साथ खड़े अखिलेश

बुलेटिन ब्यूरो







कार्यकर्ताओं-नेताओं के दुख-सुख में मजबूती के साथ खड़े होने में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव का कोई सानी नहीं है। दुःख की घड़ी में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव की संवेदनशीलता सामने आ जाती है। वह जिस तरह कार्यकर्ता के दुख में शरीक होते हैं वह बताता है कि एक बेहतर राजनेता के साथ वह बेहतरीन इंसान भी हैं।

बीते 24 दिसंबर को श्री अखिलेश यादव लखनऊ में एक बैठक में मौजूद थे कि उन्हें सूचना मिली कि समाजवादी पार्टी के बलिया जिलाध्यक्ष श्री राजमंगल पाण्डेय का दुर्घटना में निधन हो गया है। यह सूचना पाकर श्री अखिलेश यादव दुखी हो गए और फौरन केजीएमयू मेडिकल कालेज के लिए रवाना हो गए। राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी तथा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के साथ मेडिकल कालेज पहुंचकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने शोकाकुल परिवारीजनों से भेंट की और उन्हें सांत्वना दी। समाजवादी पार्टी कार्यालय, लखनऊ में श्री राजमंगल यादव के निधन पर शोक प्रस्ताव के साथ दो मिनट मौन रहकर







श्रद्धांजलि दी गई।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि फेफना विधानसभा के बिसुकिया निवासी राजमंगल यादव टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रसंघ के महामंत्री और जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके निधन से समाजवादी पार्टी और परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है।

6 जनवरी को श्री अखिलेश यादव बलिया भी पहुंचे। उन्होंने पार्टी जिलाध्यक्ष रहे राजमंगल यादव के आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ता थे। उन्होंने पार्टी को मजबूत किया। दुर्घटना में उनके निधन से हम सभी लोग दुःखी है। उनकी कमी हमेशा खलेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने पार्टी के जिला सचिव रहे श्री राजेन्द्र पाण्डेय के आवास पर पहुंचकर उन्हें भी श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को सांत्वना दी। श्री राजमंगल यादव के साथ दुर्घटना में श्री राजेन्द्र पाण्डेय भी घायल हो गए थे। बाद में उनका निधन हो गया था।




# 80 में 80



बुलेटिन ब्यूरो

लोकसभा चुनाव की रणभेरी भले ही अभी न बजी हो मगर समाजवादी पार्टी और उसके कार्यकर्ता चुनावी तैयारियों में मुस्तैद हो चुके हैं। समाजवादी पार्टी ने अभी से चुनावी बिगुल बजा दिया है। समाजवादी पार्टी के लिए अच्छी बात यह है कि पूरे उत्तर प्रदेश में उसके पक्ष में माहौल बन चुका है। जिस तरह समाज का हर तबका समाजवादी पार्टी के साथ आया है उससे अब कोई शक-शुब्हा नहीं है कि समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की सभी 80 में 80 सीटें जीतने जा रही है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने नए साल 2024 को PDA एकता वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा कर पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों में साफ संदेश दे दिया है कि समाजवादी पार्टी ही PDA की हिमायती है। वैसे भी आमजन को यह मालूम है कि समाजवादी पार्टी के लिए जनता ही जनार्दन रहती है और यही एक पार्टी है जोकि आमजन की तकलीफों में संघर्ष करती है। समाजवादी पार्टी ने इसे हर बार साबित भी किया है।

2024 के आगाज के साथ ही समाजवादी पार्टी ने जिस तेजी से आने वाले लोकसभा चुनाव की रणनीति पर काम करना शुरू किया है, वह काबिले तारीफ है। इस बार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव सधी हुई रणनीति के तहत दिनरात चुनावी रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। समय से पहले ही प्रत्याशियों का चयन भी लगभग हो चुका है। इस चयन में सबसे खास बात यह रही कि संगठन के फीडबैक को तवज्जो दी गई और सीटों के जातीय गणित का भी खास ख्याल रखा गया।

कहते हैं कि पूत के पांव पालने में ही नजर आ जाते हैं। इस अनुसार समाजवादी पार्टी की शुरुआती तैयारी, रणनीति और जनता के बीच बन रहा माहौल यह संकेत दे रहा है कि यूपी की 80 सीटों में 80 पर समाजवादी पार्टी की जीत होने जा रही है। चुनाव से पहले ही समाज का हर तबका जिस तेजी से समाजवादी पार्टी के साथ जुड़ा है और जुड़ रहा है, यह भी बताने के लिए काफी कि अबकी बार श्री अखिलेश यादव की मेहनत रंग लाने जा रही है और राष्ट्रीय फलक पर भी समाजवादी पार्टी चमकने वाली है।

चुनावी तैयारियों के तहत संगठन को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए श्री अखिलेश यादव लगातार पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कर रहे हैं। इन बैठकों में एक-एक बूथ पर सपा की तैयारियों







की समीक्षा की जा रही है।

हाल के कुछ दिनों में अधिवक्ताओं, ब्राह्मण समाज, अंबेडकर महासभा, विश्वकर्मा, शर्मा, मैथिली, मौर्या, प्रजापति और दूसरी जातियों ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के पक्ष में मुखर होकर साथ देने की वकालत की और अभी से समाज में प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है।

असल में इन सभी सामाजिक संगठनों को यह पता है कि समाजवादी सरकार में समाज के भले के लिए हुए कामों की एक लंबी फेहरिस्त है जबकि भाजपा सरकारों के पास सिर्फ झूठे वायदे, जुमले और अन्याय के सिवाय कुछ नहीं है।

समाजवादी पार्टी के पक्ष में बनते माहौल की एक बड़ी वजह भाजपा सरकार में होता जुल्म भी है। किसानों की फसलों को नुकसान और कोई क्षतिपूर्ति न मिलना और गन्ना किसानों का समर्थन मूल्य अब तक घोषित न होना, वायदा करने के बाद भी बिजली बिल माफ न करना, ऐसी वजहें हैं जोकि किसानों में नाराजगी पनपा चुकी हैं। किसान, जब समाजवादी सरकारों से भाजपा सरकारों की तुलना कर रहा है उसे लग गया है कि किसानों की सच्ची हितैषी समाजवादी पार्टी ही है।

80 सीटें जीतने का समाजवादी पार्टी का लक्ष्य इसलिए भी पूरा होता दिख रहा है कि आधी आबादी यानी महिलाएं पूरी तरह से समाजवादी पार्टी के पक्ष में खड़ी हो गई हैं। महिलाओं को विश्वास है कि उनकी रसोई को महंगाई से कोई मुक्त करा सकता है तो वह केवल समाजवादी ही हैं। समाजवाद के पास महंगाई को रोकने का तरीका है। ये महिलाएं रसोई गैस के बढ़ते दाम को लेकर भी भाजपा सरकार से काफी खफा हैं।

बेरोजगारी से परेशान युवा अपने भविष्य को लेकर समाजवादी पार्टी के साथ खड़े हैं। बेरोजगार युवाओं को पता है कि समाजवादी लोग जब सत्ता में आते हैं तो नौकरियां देते हैं और जब तक नौकरी नहीं दे पाते, बेरोजगारी भत्ता दिया करते हैं।

समाज का कमोबेश सभी तबका समाजवादी पार्टी के साथ आकर चुनाव से पहले ही जिस तेजी से मुखर हो रहा है, यह बताने के लिए काफी है कि लोकसभा चुनाव में यूपी में समाजवादी पार्टी की पताका फहराने में अब ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। यही वजह है कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अभी से बूथ संगठन को मजबूत करने में जुट गए हैं।




# नया साल, नया जोश
# 80 का संकल्प

बुलेटिन ब्यूरो

वर्ष 2024 के पहले दिन ही 1 जनवरी को समाजवादी पार्टी कार्यालय पहुंचकर युवाओं ने जोश के साथ 80 जीतने का संकल्प लिया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव को नव वर्ष की बधाई-शुभकामनाएं देने पहुंचे प्रदेश के तमाम जिलों के युवाओं ने जोश के साथ भरोसा दिलाया कि लोकसभा चुनाव में वे 80 सीटें जीतकर दिखाएंगे।

समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर पहुंचे एक बड़े जनसमूह ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव को शुभकामनाएं दीं। जन समूह से मुखातिब होते हुए श्री अखिलेश यादव ने वर्ष 2024 में



सभी के जीवन में सुख समृद्धि की मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि नए वर्ष में राजनीति में आगे बढ़ने का संकल्प लेना है। राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव व श्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी सभी को नए साल की बधाई दी।

उत्साही जनसमूह को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के दस वर्ष में देश पीछे चला गया है। देश को महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं मिला है। भाजपा ने जो वायदे किए थे एक भी पूरा नहीं किया। लोकतंत्र और संविधान को कमजोर किया है। भाजपा सरकार को 2024 के लोकसभा चुनाव में हर हाल में हटाना है। भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों से किसान, नौजवान समेत हर वर्ग तबाह हो गया है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की पवित्रता को नष्ट करने के साजिश कर रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की धांधली को रोकना है। भाजपा को रोकने के लिए बूथस्तर तक संगठन को मजबूत करना है। सावधानी से वोट का इस्तेमाल करना है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर भाजपा को हराना है।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश में अराजकता फैला रखी है। महिला अपराध और साइबर क्राइम में यूपी नम्बर वन है। उत्तर प्रदेश में महिलाएं और बच्चियां दुष्कर्म की शिकार हो रही है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। शिक्षक अभ्यर्थी वर्षों से अपनी नियुक्ति के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे हैं और भाजपा सरकार उन पर निर्ममता से लाठियां बरसा रही है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है। जनता को सावधान करना है कि जब लोकतंत्र और संविधान ही नहीं रहेगा तो फिर वोट देने का अधिकार भी छिन जाएगा।

# मैराथन बैठकों में बन रही जीत की रणनीति



बुलेटिन ब्यूरो

आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को और पुख्ता करने तथा चुनाव जीतने की रणनीति बनाने के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ के डा राममनोहर लोहिया सभागार में नए साल की शुरुआत पर चार दिन तक लगातार कई मैराथन बैठकें कीं।

अलग-अलग हुई बैठकों में यूपी के सभी जिलों के जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष, विधायक व 2022 विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे नेता, सोशल मीडिया टीम व यूपी की सभी विधानसभा क्षेत्रों के अध्यक्ष मौजूद रहे।

इन बैठकों में यूपी के सभी जिलों के प्रमुख नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गहन मंत्रणा की और उनके साथ चुनाव जीतने की रणनीति साझा की। बैठकों में जमीनी सतह के कार्यकर्ताओं-नेताओं से राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने बूथ प्रबंधन की जानकारी ली और बूथ संगठन की स्थिति जानी। बैठकों में यूपी भर से आए नेताओं-कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव को बताया कि भाजपा सरकार की कुनीतियों से लोगबाग त्रस्त हैं। भाजपा सरकार से लोग मुक्ति चाहते हैं और उन्हें समाजवादी पार्टी से ही आस है। पूरे प्रदेश में समाजवादी पार्टी के पक्ष में माहौल है। श्री अखिलेश यादव ने फीडबैक लेने के बाद कहा कि एक भी वोट जाया नहीं होना







चाहिए।

बैठकों में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा कि वोटरलिस्ट पर नजर रखी जाए क्योंकि भाजपा साजिशन वोट जोड़ने और काटने की जुगत में रहती है। धोखा और फरेब से समाजवादी पार्टी को रोकना भाजपा की आदत में शुमार है इसलिए कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सावधान रहना होगा।

8 जनवरी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने प्रदेश के सभी


समाजवादी पार्टी



जिला एवं महानगर अध्यक्षों संग बैठक की। जिलों की समीक्षा की। जिला व महानगर अध्यक्षों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों के चलते सन् 2024 के लोकसभा चुनावों में उसे हराने को तैयार है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान के साथ खिलवाड़ करती है। वह इस तरह की रणनीति अपनाती है जिससे मुख्य मुद्दों से जनता का ध्यान भटके। इस बार के चुनाव में लोकतंत्र, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की उपेक्षा, महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध, अन्याय और भ्रष्टाचार सबसे बड़े मुद्दे होंगे।

श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी संगठन को सेक्टर और बूथस्तर तक मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि हमें संगठन पर पूरा भरोसा है। समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव में बड़ी भूमिका निभाने जा रही है। सभी जिलाध्यक्ष कार्यकर्ताओं को बूथस्तर पर चिह्नित करके जिम्मेदारी देंगे।

कई जिलों में वोटर लिस्ट पर अच्छा काम हुआ है। बूथ स्तर पर नेता और कार्यकर्ता अधिकारियों के मिलकर कहां वोट कटा और कहां वोट बढ़ा उसकी जानकारी करेंगे और उस पर नज़र भी रखेंगे क्योंकि चुनाव में भाजपा हर तरह का हथकंड्डा अपना सकती है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की कोशिश है कि जो गठबंधन बना है उसे मजबूत करे। गठबंधन में जो दल जहां से लड़ेगा समाजवादी पार्टी पूरी ताकत से उसकी मदद करेगी।

9 जनवरी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने विधायकों, 2022 विधानसभा के पूर्व प्रत्याशियों के साथ बैठक कर चुनाव की रणनीति पर मंथन किया। अपने संबोधन में श्री अखिलेश यादव ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव से देश की नई दिशा तय होगी। यह पांच वर्ष का नहीं, आने वाली पीढ़ी के भविष्य का भी चुनाव है। लोकतंत्र और संविधान को बचाने तथा भाजपा की साजिश रचने की रणनीति से निबटने की जिम्मेदारी समाजवादी पार्टी को निभानी है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने में कोई कसर नहीं छोड़नी है।

**भाजपा लोकतंत्र और संविधान के साथ खिलवाड़ करती है। वह इस तरह की रणनीति अपनाती है जिससे मुख्य मुद्दों से जनता का ध्यान भटके। इस बार के चुनाव में लोकतंत्र, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की उपेक्षा, महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध, अन्याय और भ्रष्टाचार सबसे बड़े मुद्दे होंगे**

विधायकों व पूर्व प्रत्याशियों से श्री अखिलेश यादव ने कहा कि जितना वोट उन्हें पहले मिला था, उससे ज्यादा वोट इस बार दिलाएं।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में हर स्तर पर सतर्क और सावधान रहना है। 2022 के विधानसभा चुनाव में जनता ने समाजवादी सरकार बनाना तय कर लिया था परन्तु भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग कर लोकतंत्र के निर्णय को प्रभावित करने का काम किया लेकिन अब पीडीए-इंडिया गठबंधन भाजपा और एनडीए का उत्तर प्रदेश में सफाया करके ही दम लेगा।

10 जनवरी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया टीम के साथ बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा साजिश करने में माहिर है। भाजपा जनहित की राजनीति नहीं करती है। भाजपा का रवैया जनविरोधी है।

श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी पर करोड़ों लोगों का भरोसा है। सभी भाजपा सरकार के अन्याय, अत्याचार और उत्पीड़न के शिकार हैं। समाजवादी पार्टी उनके हक और सम्मान की लड़ाई लड़ रही है। आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पीडीए और इंडिया गठबंधन मिलकर भाजपा को सभी 80 सीटों पर पराजित करेगा।

11 जनवरी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने प्रदेश भर की विधानसभाओं के पार्टी अध्यक्षों संग बैठक की और उनके साथ बूथ प्रबंधन से लेकर वोटरलिस्ट तक चर्चा की। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र अध्यक्षों से कहा कि समाजवादी पार्टी का वोट बचाना है और इसके लिए वोटर लिस्ट पर पैनी नजर रखनी होगी। विधानसभा स्तर पर ही यह सुनिश्चित होना चाहिए कि किसी भी वोटर का नाम छूटने न पाए।

# दौरे बता रहे... 80 जीतेंगे





बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के उत्तर प्रदेश के जिलों के दौरों में जिस तरह उत्साह दिख रहा है, उससे साफ हो रहा है समाजवादी पार्टी यूपी की 80 में 80 सीट जीतने जा रही है। दौरों में पार्टी कार्यकर्ताओं का जोश, श्री अखिलेश यादव के स्वागत में उमड़ता आमजनों का सैलाब, यह गवाही दे रहा है कि समाजवादी पार्टी के पक्ष में माहौल बना हुआ है। भाजपा सरकार से त्रस्त लोगबाग उम्मीदों के साथ समाजवादी पार्टी की ओर देख रहे हैं।

29 दिसंबर को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव आजमगढ़ के दौरे पर थे। वहां जोशीले कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते बनता था। जगह-जगह आमजन भी स्वागत के लिए खड़े थे। श्री अखिलेश यादव की झलक पाने को आमजनों का सैलाब गवाही दे रहा था कि

आमजनता को अब समाजवादी पार्टी पर ही भरोसा है कि वह भाजपा के जुल्म-अन्याय से मुक्ति दिलाएगी।

दौरे पर मीडिया से मुखातिब होते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी भूमिका होगी। प्रदेश की जनता भाजपा का सफाया करेगी। उत्तर प्रदेश में भाजपा हारेगी तो देश से हटेगी। समाजवादियों ने नारा दिया है 80 हराओ, भाजपा हटाओ। समाजवादी पार्टी इसी नारे को लक्ष्य मान कर काम कर रही है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का पीडीए भाजपा के एनडीए को हरायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसानों से आय दोगुनी करने और नौजवानों को नौकरी देने का झूठा वादा किया था। केन्द्र की दस वर्ष की भाजपा सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया। भाजपा सरकार को बताना चाहिए कि उसने कितने नौजवानों को नौकरी दी।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने अखबारों में विज्ञापन दिया कि ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 40 लाख करोड़ का एमओयू हुआ। विधानसभा में भी एमओयू होने की घोषणा की लेकिन दो साल में अभी तक किसी जिले में कोई कारखाना लगता नहीं दिखाई दिया है। किसी भी नौजवान को रोजगार नहीं मिला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नोटबंदी की नीति पूरी तरह से फेल रही है। नोटबंदी भाजपा सरकार की विफलता है। भ्रष्टाचार लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के धान की खरीद नहीं हुई। गन्ना किसानों का बकाया भुगतान नहीं हुआ। आलू किसान संकट में है। किसानों को फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है।









श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार सामाजिक न्याय की विरोधी है। जातीय जनगणना की विरोधी है। बिना जातीय जनगणना सामाजिक न्याय नहीं मिल सकता। भाजपा सरकार का जीरो टॉलरेंस जीरो हो चुका है। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। सबसे ज्यादा अन्याय बेटियों, माताओं, बहनों के साथ उत्तर प्रदेश में हो रहा है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार जबसे केन्द्र में भाजपा सरकार आई है देश में एक लाख किसान आत्महत्या कर चुके हैं। भाजपा के पास इसका कोई जवाब नहीं है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र विरोधी है। भाजपा फिर आ गयी तो लोगों के वोट डालने का अधिकार भी छीन लेगी। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव में भाजपा को हरायेगा।

6 जनवरी को श्री अखिलेश यादव बलिया दौरे पर पहुंचे तो वहां भी आमजनता ने जिस उत्साह के साथ उनसे मुलाकात की उसमें एक आस थी, एक भरोसा था कि यही एकमात्र नेता हैं जोकि उन्हें न्याय दिला सकते हैं। आमजनता की पीड़ा बता रही थी कि लोगबाग भाजपा सरकार से किस तरह त्रस्त हैं। आमजन की पीड़ा को महसूस करते हुए यहां समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश और देश की जनता भाजपा सरकार को हटाना चाहती है। समाजवादी पार्टी पूरी जिम्मेदारी के साथ इंडिया गठबंधन के साथ है। इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराएगा।

उन्होंने आमजन से कहा कि यह सच है कि भाजपा सरकार आम जनता की समस्याओं को हल करने के बजाय दूसरे मुद्दों में उलझाने का प्रयास कर रही है। भाजपा सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि नारा देकर, गांव में वैन चलाकर और प्रधानों का बजट काट कर देश विकसित नहीं हो सकता है। भाजपा ने आम जनता को एक बार फिर झूठे सपने दिखाना शुरू किया है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का लक्ष्य भाजपा को हराना है। समाजवादी पार्टी उसी दिशा में काम कर रही है। समाजवादी पार्टी ने 80 हराओ, भाजपा हटाओ का नारा दिया है। भाजपा सरकार हटेगी तभी किसानों, नौजवानों का सपना पूरा होगा। नौकरी, रोजगार मिलेगा। किसानों की फसलों का लाभकारी मूल्य मिल पाएगा। जातीय जनगणना होगी और सभी को सामाजिक न्याय मिल पाएगा।

12 जनवरी को वाराणसी के एक दिवसीय दौरे में भी श्री अखिलेश यादव को देखने और सुनने का आम लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था।



# पूरा करना है 80 का लक्ष्य

बुलेटिन ब्यूरो

उत्साह से लबरेज कार्यकर्ताओं को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव एक ही लक्ष्य दे रहे हैं कि बूथ पर डट जाएं क्योंकि लोकसभा चुनाव में यूपी से 80 सीटों को जीतने का लक्ष्य तय करना है। उत्साही कार्यकर्ता भी भरोसा दिला रहे हैं कि वे जीजान से जुटकर इस लक्ष्य को पूरा करेंगे। कार्यकर्ताओं का उत्साह, पार्टी की तैयारी और रणनीति, आमजनता को भाजपा के प्रति गुस्सा, सरकारों के अत्याचार-अन्याय से भी यह स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि इस बार यूपी से समाजवादी पार्टी 80 सीटें जीतने जा रही है।

25 दिसंबर 2023 को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर यूपी भर से हजारों की तादाद में पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी जुटे तो समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने उनसे हालचाल पूछा और फिर उनसे मुखातिब हुए। चुनाव की तैयारियों पर उनसे संवाद किया और 80 के लक्ष्य को पूरा करने की रणनीति समझाई। बूथ प्रबंधन पर जोर दिया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार और यूपी में दो बार की सरकार के तमाम झूठे दावों की सच्चाई यह है कि आज भी आदिवासियों, गरीबों और किसानों की हालत ज्यों की त्यों है, उनकी आर्थिक, सामाजिक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से सभी त्रस्त हैं। जनता को सामान्य जनसुविधायें बिजली, पानी, सड़क, रोटी, कपड़ा, दवा और पढ़ाई भी भाजपा सरकार



में नहीं मिल पा रही है। चारो तरफ लूट और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भाजपाई झूठे और निम्नस्तरीय सोच वाले है। इसलिए इनसे सावधान रहना है। हमारा पहला लक्ष्य भाजपा को केन्द्र की सरकार से हटाना है। उन्होंने कहा कि ईवीएम का आविष्कार जापान ने किया था लेकिन जापान में बैलट से चुनाव होता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सबसे ज्यादा जातिवादी पार्टी है। श्री यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए जातीय जनगणना होना आवश्यक है। जनगणना से विकास योजनाओं में समानुपातिक भागीदारी होगी जिससे उनका लाभ सभी को मिल सकेगा। डॉ भीमराव अंबेडकर और मंडल कमीशन ने पिछड़ों, दलितों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की थी। समाजवादी सरकार बनने पर जातीय जनगणना से सभी को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जातीय जनगणना नहीं कराना चाहती है। भाजपा सरकार की नीतियां आरक्षण विरोधी है। भाजपा सरकार आरक्षण को समाप्त करने के लिए आउटसोर्सिंग से भर्ती कर रही है।

श्री यादव ने कहा कि हम आत्मनिर्भर कैसे होंगे। जब दूसरों से कर्ज लेते रहेंगे। मोबाइल का सामान चीन से आयात हो रहा है। बुलेट ट्रेन के लिए जापान से सामान खरीदा जा रहा है। प्रदेश में पूंजीनिवेश नहीं हो रहा है। बैंकों में लूट मची हुई है। भाजपा सरकार ने किसानों का कर्ज माफ नहीं किया परन्तु उद्योगपतियों का 15 लाख करोड़ रूपया कर्ज माफ कर दिया। सरकार की गलत नीतियों के चलते देश की अर्थव्यवस्था चौपट है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा मतदान होना चाहिए। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता हर बूथ स्तर पर सतर्क रहे। इंडिया गठबंधन में पीडीए लोकसभा चुनाव 2024 में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

27 दिसंबर 2023 को भी पार्टी मुख्यालय पर बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं से मुखातिब होते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का दुष्प्रचार जारी है। चारो तरफ लूट मची हुई है। भाजपा ने सत्ता का जमकर दुरुपयोग किया है, ऐसा तो किसी सरकार में नहीं हुआ। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। लोकतंत्र पर हमला जारी है। समाजवादी पार्टी लोकतंत्र और संविधान को बचाने की बड़ी जिम्मेदारी निभाने के लिए संकल्पित है। 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी सावधानी और पूरी सतर्कता से पीडीए इंडिया गठबंधन मिलकर भाजपा को सत्ता से हटाने का काम करेगी।

उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर भाजपा के झूठे वादों और काले कारनामों की सच्चाई से अवगत कराने में कोई कसर नहीं छोडेंगे। भाजपा के झूठ की जानकारी हर बूथ स्तर तक समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता देंगे। कार्यकर्ता अनुशासित रहकर हर बूथ पर मुस्तैदी से भाजपा को हराने का काम करेंगे।

कार्यकर्ताओं ने श्री अखिलेश यादव से कहा कि उनपर देश को बहुत भरोसा है। हर नौजवान उनके नेतृत्व में चलने को तत्पर है। जनता इस बार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व और पीडीए-इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर भाजपा के एनडीए को सत्ता से हटा देगी।

# सब जुटे 80 का लक्ष्य भेदने



बुलेटिन ब्यूरो

यूपी में 80 सीट का लक्ष्य भेदने के लिए अधिवक्ता, महिला, ब्राह्मण, पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक समाज पूरी ताकत के साथ समाजवादी पार्टी को 80 सीट जिताने के लिए जीजान से जुट गया है। समाज का मानना है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ही महंगाई, बेरोजगारी, जुल्म, नाइंसाफी के खिलाफ लड़कर गैर बराबरी को खत्म करने का माद्दा रखते हैं इसलिए उन्हें जिताना जरूरी है।

24 दिसंबर 2023 को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में कन्नौज के प्रबुद्ध समाज तथा महाब्राह्मण समाज पंचायत के प्रतिनिधियों की बैठक में समाज के प्रतिनिधियों ने श्री अखिलेश यादव से मुलाकात कर साथ देने का भरोसा दिलाया। महाब्राह्मण समाज को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीड़ित, वंचित समाज का के संघर्ष में साथ रहेगी। उनकी हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी को साथ लेकर चलती है। बैठक में सर्वश्री मनोज पाण्डेय, मनोज दीक्षित, पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय, हरितोष द्विवेदी, आलोक दुबे, आदित्य तिवारी, राकेश तिवारी, बृजधीर दुबे आदि ने विचार व्यक्त करते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को जिताने का संकल्प लिया।

अखिल भारतीय अंबेडकर महासभा भी मजबूती के साथ समाजवादी पार्टी को जिताने के लिए जुट गई है। महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष विद्या गौतम ने 4 जनवरी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव से भेंटकर उन्हें लोकसभा चुनाव 2024 में अपने संगठन की ओर से पीडीए के पक्ष में प्रचार करने और

समाजवादी पार्टी की जीत के लिए हर प्रयास करने का भरोसा दिलाया।

7 जनवरी को अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा तथा विश्वकर्मा ब्रिगेड के प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों, महासचिवों की बैठक लखनऊ में हुई जिसमें पूर्व मंत्री श्री राम आसरे विश्वकर्मा ने समीक्षा की और 2024 के लोकसभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी के पक्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का निर्णय लिया गया। 8 जनवरी को कन्नौज के हसेरन ब्लाक के विश्वकर्मा शर्मा मैथिल समाज का सम्मेलन हुआ जिसमें भारी तादाद में आए शर्मा, विश्वकर्मा समाज ने समाजवादी पार्टी का साथ देने का संकल्प लिया।

8 जनवरी को ही समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जूही सिंह ने गूगल मीट के जरिए महिला सभा की राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक करते हुए बूथ प्रबंधन को मजबूत करने की रणनीति बनाई।

अधिवक्ता समाज भी मजबूती के साथ समाजवादी पार्टी से जुड़ गया है। 7 जनवरी को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर समाजवादी अधिवक्ता सभा की बैठक में उत्तर प्रदेश सहित देश के कई राज्यों के अधिवक्ता शामिल हुए। अधिवक्ताओं से मुखातिब होते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश और देश की जनता परिवर्तन चाहती है। 2024 के लोकसभा चुनाव में बदलाव होना तय है। अधिवक्ता समाज जागरूक और प्रभावशाली है। वह समाज और आम जनता की समस्याओं को समझता है। अधिवक्ता समाज समाजवादी पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों और अपने एजेंडे को आम जनता तक पहुंचाने में






कामयाब हो गया तो परिवर्तन तय है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार को जब भी मौका मिला प्रदेश का विकास किया, अधिवक्ताओं के लिए काम किया। नेता जी और समाजवादी सरकार ने अधिवक्ताओं के चेम्बरों की व्यवस्था की। बैठक में अधिवक्ताओं ने लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को जिताने का संकल्प लिया। बैठक में अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल, प्रदेश अध्यक्ष सिकन्दर यादव, हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता आईपी सिंह, प्रमुख महासचिव जितेन्द्र सिंह जीतू, अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव सरदार आलोक सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों के साथ अधिवक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि वे 2024 में भाजपा को पूरी ताकत से सत्ता से बेदखल करेंगे।

# बूथ पर डटेगी आधी आबादी




बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी महिला सभा की 28 दिसंबर 2023 को हुए सम्मेलन में फैसला किया गया कि लोकसभा चुनाव में बूथों पर आधी आबादी भी डटकर समाजवादी पार्टी के 80 सीट जीतने के लक्ष्य को पूरा करेगी। आधी आबादी का मानना है कि समाजवादी पार्टी में ही नारी का सम्मान और अवसर है इसलिए उसे जिताना जरूरी है। बैठक में महिला सभा ने तय किया है कि बूथों पर संगठन को मजबूत करने के लिए अभी से सब जुट जाएंगे।

बैठक में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी महिलाओं को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने की पक्षधर है। भाजपा सरकार में महिलाओं के साथ सबसे ज्यादा अन्याय और उत्पीड़न हो रहा है। नारियों को अपना सम्मान बचाना है तो भाजपा को सत्ता से हटाना होगा। लोकतंत्र और संविधान बचाने की भी निर्णायक लड़ाई 2024 में होगी।

पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ के डॉ राममनोहर लोहिया सभागार में समाजवादी महिलासभा के राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों के सम्मेलन में मैनपुरी की सांसद श्रीमती डिंपल यादव भी मौजूद रहीं। सम्मेलन में महिलाओं से मुखातिब होते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने विश्वास जताया कि महिला संगठन लोकसभा चुनाव में पूरी मजबूती से हर बूथ स्तर पर समाजवादी पार्टी को जिताने के लिए पूरी ताकत से काम करेगा। 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर पीडीए-इंडिया गठबंधन मिलकर भाजपा एनडीए को हरायेगा।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं के साथ सबसे ज्यादा अन्याय और उत्पीड़न हो रहा है। महिलाएं सबसे ज्यादा असुरक्षित उत्तर प्रदेश में हैं। हर दिन महिलाओं के साथ बड़े पैमाने पर अन्याय और उत्पीड़न की खबरें सामने आती है। कानून व्यवस्था इस हद तक खराब है कि बच्चियों को स्कूल जाने से भी डर लगता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में मणिपुर में महिलाओं के साथ बड़ी जघन्य घटनाएं हुईं। अत्याचार हुआ लेकिन महिलाओं को न्याय नहीं मिला। भाजपा से किसी को भी न्याय की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। उन्होंने दुख जताया कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में महिलाओं की अस्मत को रौंदा जा रहा है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि सबसे ज्यादा गैरबराबरी का सामना महिलाओं को करना पड़ता है। बुलडोजर की दहशत महिलाओं में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी को हक और सम्मान देना जरूरी है। समाजवादी महिला संगठन महिलाओं के बीच जाकर समाजवादी सरकार द्वारा किये गए कार्यों और पार्टी की नीतियों को बताएगा कि समाजवादी सरकार में महिला सुरक्षा के लिए 1090 सेवा शुरू की गई थी।

इसकी सराहना सुप्रीम कोर्ट ने भी की थी और कहा था कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए ऐसी सेवा पूरे देश में लागू होनी चाहिए। समाजवादी पार्टी की सरकार में प्रसूताओं के लिए 102 एम्बुलेंस सेवा, न्यूट्रिशन मिशन शुरू किया गया था। समाजवादी पेंशन योजना लागू की गई थी।

महिलाओं को रानी लक्ष्मी बाई सम्मान देने का काम किया जा रहा था। एसिड पीड़िताओं के लिए अवसर प्रदान किया गया। लेकिन भाजपा सरकार ने महिलाओं से जुड़ी इन सभी योजनाओं को बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार बनने पर 3 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन देंगे।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि जो महिला वंदन की बात करते थे उनकी सरकार में महिला पहलवानों के साथ जिस तरह का अन्याय हुआ उसे पूरे देश ने देखा।





सम्मेलन में समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जूही सिंह, प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रीबू श्रीवास्तव, डॉ मधु गुप्ता, श्रीमती कांती सिंह पूर्व एमएलसी, जरीना उस्मानी पूर्व अध्यक्ष महिला आयोग, कनकलता सिंह पूर्व सांसद, नादिरा सुल्तान विधायक, श्रीमती मीरा वर्धन, लीलावती कुशवाहा पूर्व एमएलसी, गजाला लारी पूर्व विधायक, नीलम रोमिला सिंह, तृप्ति अवस्थी, ज्योति मैसी आदि उपस्थित रहीं।

सम्मेलन के बाद मैनपुरी से समाजवादी पार्टी की सांसद श्रीमती डिंपल यादव ने मोर्चा भी संभाल लिया और वह लगातार मैनपुरी में जनसंपर्क कर रही हैं। 6 व 7 जनवरी को मैनपुरी में उन्होंने आमजन से आत्मीय संवाद किया। उनकी समस्याएं जानीं।

# प्रशिक्षण शिविरों में सीख रहे बूथ प्रबंधन के गुर




बुलेटिन ब्यूरो

यूपी में 80 सीटों के लक्ष्य को भेदने के लिए समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ने प्रदेश के सभी जिलों में PDA बूथ पंचायत प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत की है। लखनऊ से शुरू हुए इस प्रशिक्षण शिविर ने कई जिलों का सफर तय कर लिया है और वहां पर बूथ प्रबंधन के गुर बताए जा रहे हैं। प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा राजपाल कश्यप इन प्रशिक्षण शिविरों में खुद मौजूद रह रहे हैं।

24 दिसंबर को लखनऊ पब्लिक स्कूल वृंदावन योजना कॉलोनी लखनऊ में PDA

बूथ पंचायत प्रशिक्षण की शुरुआत हुई। इसमें पूरी ताकत से भाजपा को सत्ता से हटाने का संकल्प लिया गया। इसमें शामिल समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है।

संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए हम सभी कार्यकर्ता मिलकर भाजपा को हटाएंगे। समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजपाल कश्यप ने पार्टी संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पीडीए ही भाजपा के एनडीए को हरायेगा। पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा उपेक्षित और प्रताड़ित है। अन्याय और अत्याचार भी इसी पीडीए पर हो रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा नौकरी में आरक्षण खत्म करने की नीयत से आउटसोर्सिंग से भर्ती की जा रही है। रोजगार छीना जा रहा है। समाजवादी पार्टी जातीय जनगणना कराने की मांग हमेशा से करती आ रही है परन्तु भाजपा सरकार जातीय जनगणना नहीं कराना चाहती है। जातीय जनगणना से सबको समानुपातिक हक और सम्मान मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी शशांक यादव, विधायक अताउर्रहमान आदि मौजूद थे।

5 जनवरी को प्रतापगढ़ के PDA बूथ पंचायत प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। शिविर में डा. राजपाल कश्यप ने कहा कि विधानसभा, ब्लाक तथा बूथों पर PDA पंचायतों के माध्यम से समाजवादी नीतियों को बताने का काम किया जाए। संगठन को मजबूत करते हुए आमजन को समाजवादी सरकार में हुए कामकाज का प्रचार प्रसार



किया जाए। यहां पूर्व एमएलसी डॉ एसपी सिंह पटेल, पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव, विजय यादव, अब्दुल कादिर जिलानी, विशाल मौर्या, विपिन पाल, राजकुमार विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

8 जनवरी को आजमगढ़ के रानीसराय में आयोजित PDA बूथ पंचायत प्रशिक्षण शिविर में डॉक्टर राजपाल कश्यप ने कहा कि जातीय जनगणना से ही सभी जातियों की सही जानकारी सामने आएगी और सामाजिक न्याय मिल सकेगा।

उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव की पीडीए रणनीति ने मैनपुरी, घोसी से उतर प्रदेश में बदलाव की शुरुआत कर दी, जो पूरे देश में प्रभावी होगी। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ को इसमें बड़ी जिम्मेदारी निभानी है। समाजवादी पार्टी ने 2024 चुनाव में बदलाव के लिए पिछड़ा, दलितों, अल्पसंख्यकों के मुद्दों और चिंताओं को मुख्य मुद्दों में ला दिया है।

महिलाओं पर बढ़ते हुए अत्याचार, बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी से सर्वाधिक प्रभावित समय का सबसे कमज़ोर तबका ही होता है। अब बूथ स्तर तक इस जागरूकता को बढ़ाना है।

शिविर में निर्णय लिया गया कि बूथ स्तर तक भाजपा की पूंजीपरस्त ताकत उन्माद फैलाने की साजिश को बेनकाब किया जाएगा। पीडीए का महत्वपूर्ण हिस्सा महिलाओं की राजनैतिक चेतना को बढ़ावा देने के लिए उन्हें संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाएगी।

शिविर में जिलाध्यक्ष गुलाब राजभर, डॉ रामदुलार राजभर पूर्व मंत्री, डॉ संग्राम यादव विधायक, बेचई सरोज विधायक, पूजा सरोज विधायक, नफीस अहमद विधायक, दुर्गा प्रसाद यादव, राम नयन यादव, बबिता चौहान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# जनमत बनाएंगे कलाकार




बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ से जुड़े कलाकार भी गीत-संगीत के जरिये समाजवादी पार्टी के पक्ष में जनमत तैयार करने में जुट गए हैं। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के कलाकार पहले भी गीत-संगीत खासकर लोकगीत के आधार पर समाजवादी पार्टी के पक्ष में समां बांधते रहे हैं। स्थानीय भाषा-शैली में प्रस्तुत गीतों के जरिये आमजन समाजवादी पार्टी से तेजी से जुड़ता रहा है। इस बार नव वर्ष पर दो दिन के कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के कलाकारों ने समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर समां बांध दिया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित ही सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की चुनाव में जनमत बनाने में बड़ी भूमिका होगी।

नव वर्ष के उपलक्ष्य में 2 जनवरी को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने गीत-संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कलाकारों को प्रोत्साहित किया और उनके बीच काफी समय बिताया। इस अवसर पर पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह ने कहा कि कवि एवं लेखक क्रांति का संदेश देते हैं। उन्होंने अपनी कविताओं का पाठ भी किया। इस अवसर पर श्री बलराम यादव एवं श्री राजेंद्र चौधरी (पूर्व कैबिनेट मंत्री) प्रदेश अध्यक्ष श्री नरेश उत्तम पटेल सहित सर्वश्री विशंभर प्रसाद निषाद पूर्व सांसद, समाजवादी पार्टी केरल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ साजी पोथेन थामस, नूरपुर से सपा विधायक राम अवतार सैनी, विधायक आशु मलिक, रविदास मेहरोत्रा विधायक, एमएलसी जासमीर अंसार आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष काशीनाथ यादव और प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सोलंकी ने किया।

3 जनवरी को भी समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने लोक गायन, गीत, संगीत कार्यक्रम







का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने सभी कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का सांस्कृतिक प्रकोष्ठ बहुत समृद्ध है। श्री यादव ने सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सभी कलाकारों का आह्वान किया कि वे प्रकोष्ठ के संयुक्त कार्यक्रम से पूरे प्रदेश में दर-दर जाकर अलख जगा दें जिससे भाजपा सरकार से छुटकारा मिले।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में यश भारती सम्मान से कलाकारों, लेखकों तथा अन्य क्षेत्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया था। उन्हें पेंशन देने की भी व्यवस्था की गई थी। भाजपा सरकार ने आते ही इसे रद्द कर दिया।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने कला-संस्कृति का जो अपमान किया है उससे सभी कलाकारों को अपने गायन से भाजपा के खिलाफ जनमत बनाना और सत्ता से बेदखल करने के लिए जनता को जागरूक करना है। कलाकार अपने कार्यक्रमों से समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को बूथ स्तर तक पहुंचाकर लोकतंत्र बचाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे।

कार्यक्रमों में कलाकारों ने संकल्प लिया कि श्री अखिलेश यादव को पूरी ताकत से दिल्ली पहुंचाएंगे। जनता का भरोसा श्री अखिलेश यादव पर है। वही सबके आशा केन्द्र हैं।

सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के दर्जनों राष्ट्रीय और प्रदेश पदाधिकारियों ने समाजवादी पार्टी और समाजवादी आंदोलन से जुड़े गीत-संगीत और नृत्य के कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# PDA ही गैर बराबरी खत्म करेगा

## -अखिलेश



बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने एटा जनपद के नगला डांडी में 30 दिसंबर 2023 को शहीद मेजर केपी सिंह यादव की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने शहीद केपी सिंह यादव को नमन करते हुए जनसभा को संबोधित भी किया।

जनसभा में श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का काम जनता को धोखा देना है। भाजपा पहले दिन से धर्म का इस्तेमाल राजनीति के लिए करती आ रही है। धोखा देना भाजपा का व्यवहार, धंधा और रणनीति है। भाजपा लोगों के हक और सम्मान छीनने का काम कर रही है। भाजपा सरकार में लोगों में गैर बराबरी बढ़ी है। इसी गैरबराबरी को खत्म करने के लिए समाजवादी पार्टी ने PDA का नारा दिया है।

उन्होंने कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। लोग परेशान हैं। अस्पतालों में गरीब को इलाज नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार ने अपने सात साल के कार्यकाल में एक भी जिलास्तर का अस्पताल नहीं बनाया जहां गरीबों का इलाज हो सके। इस सरकार ने 108 और 102 एम्बुलेंस सेवा को बर्बाद कर दिया। प्रदेश में कानून व्यवस्था जीरो है। भाजपा सरकार विपक्ष के नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसा कर परेशान करती है और बदनाम करती है। जनता विपक्षी गठबंधन इंडिया के पक्ष में मतदान कर भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखायेगी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है। जनता को सावधान रहना होगा। अगर ये फिर सरकार में आए तो जनता के वोट का अधिकार छीन लेंगे। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन भाजपा को यूपी में सभी 80 सीटों पर हरायेगा।



भाजपा हारेगी तभी लोकतंत्र और संविधान बचेगा।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई चरम सीमा पर है। लोगों के पास नौकरी, रोजगार नहीं है। लोग नौकरी, रोजगार न मांगें इसलिए भाजपा जनता को गुमराह करने में लगी है। इस सरकार में किसान, नौजवान, महिलाएं सभी परेशान हैं। किसान की आय दोगुनी नहीं हुई। आलू, किसान, गन्ना किसान, धान किसानों को फसल का लागत मूल्य नहीं मिला। उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा सरकार की सच्चाई जान चुकी है। इस बार उत्तर प्रदेश ही जनता की बदौलत भाजपा को सत्ता से बाहर करेगा।





# सांसद डिंपल जी का जन्मदिन
# समाजवादियों ने की जनसेवा

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी की मैनपुरी से सांसद श्रीमती डिंपल यादव का जन्मदिन 15 जनवरी को कार्यकर्ताओं व नेताओं ने जनसेवा के रूप में सादगी से मनाया। इस अवसर पर नेताओं-कार्यकर्ताओं ने दान-पुण्य किए और श्रीमती डिंपल यादव को जन्मदिन की बधाई दी। बधाई स्वीकार करते हुए श्रीमती डिंपल यादव ने सभी के प्रति आभार जताया।

उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में श्रीमती डिंपल यादव का जन्मदिन सादगी के साथ मनाया गया और इस अवसर पर गरीबों-असहायों में फल, कंबल का वितरण किया गया। कई जिलों में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिन मनाया।

राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सांसद श्रीमती डिंपल यादव के जन्मदिन के अवसर पर महिला सभा की ओर से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें श्रीमती डिंपल यादव बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं। उन्होंने भंडारा में प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं से मुलाकात की और जनता के बधाई संदेशों को स्वीकार किया।

इस अवसर पर महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जूही सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की प्रतीक व सभी की प्रेरणास्रोत श्रीमती डिंपल यादव का जन्मदिन जनसेवा करके मनाया गया। भंडारा का आयोजन महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा यादव ने किया।

भंडारा के कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, अरविंद कुमार सिंह पूर्व सांसद, विधायक रविदास मेहरोत्रा, डॉ राजपाल कश्यप पूर्व एमएलसी, उदयवीर सिंह पूर्व एमएलसी, रामबृक्ष यादव एमएलसी, फखरूल हसन चांद, अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती विनीत कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष छात्र सभा आदि मौजूद रहे।

समाजवादी महिला सभा की विभिन्न पदाधिकारियों सुश्री नेहा यादव, मीनाक्षी








अग्रवाल, मीरा वर्धन, सरोज यादव, काजमीं जहां, अनिता मिश्रा, चमन आरा, जोया खान, रूही अंजुम, वंदना चतुर्वेदी, तृप्ती अवस्थी, सैय्यद जरीन, पूजा मिश्रा आदि ने कार्यक्रम में बढचढ़कर हिस्सा लेकर श्रीमती डिंपल यादव को बधाई दी।

कानपुर के शांति स्थापना मिशन की ओर से समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव श्रीमती अपर्णा जैन एवं प्रवक्ता डॉ नीतेन्द्र यादव भाईजी द्वारा भी भंडारा का आयोजन किया गया। उन्होंने एक हजार कंबल एवं एक हजार साड़ियों का भी वितरण किया।

श्रीमती डिंपल यादव के जन्मदिन पर समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव द्वारा अलीगंज महावीर मंदिर लखनऊ के पास गरीबों को कंबल तथा खिचड़ी बांटी गई। इस कार्यक्रम में ममता शर्मा, आशुतोष शर्मा, ज्ञानमती भार्गव के साथ महिला सभा की टीम ने सहयोग किया।

श्रीमती डिंपल यादव जी के जन्मदिन पर अयोध्या में पूर्व विधायक पवन पाण्डेय द्वारा एक हजार महिलाओं को कंबल तथा तीन हजार से ज्यादा लोगों को भोजन वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक अवधेश प्रसाद, जिलाध्यक्ष पारस नाथ यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख रामअचल यादव, रक्षाराम यादव व गयादीन यादव आदि मौजूद थे।

समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजपाल कश्यप ने सांसद श्रीमती डिंपल यादव के जन्मदिन पर गोमतीनगर में गरीब बच्चों को कॉपी-किताबें, रबर, पेंसिल तथा बिस्कुट बांटे। जयसिंह प्रताप यादव ने अमेठी में गरीब बच्चों को मिठाई तथा पुस्तकें बांटी।



# भाजपा राज में किसान बदहाल

बुलेटिन ब्यूरो

यूपी का किसान भाजपा सरकार की कुनीतियों की वजह से बर्बादी की कगार पर पहुंच गया है। यूपी का किसान परेशान है, बेहाल है मगर भाजपा सरकार में उसकी कहीं कोई सुनने वाला नहीं है। भाजपा सरकार में गन्ना मूल्य भुगतान, खाद-पानी की किल्लत से जूझ रहे किसानों पर जुल्म इतना बढ़ गया है कि वह त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहा है। भाजपा सरकार में किसानों पर लाठी, गोली चल रही है इसलिए किसान चुनाव का इंतजार कर रहा है ताकि भाजपा को सबक सिखा सके।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव लगातार किसानों की आवाज बुलंद कर रहे हैं। उनकी समस्याओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं मगर सरकार के कान पर जूं नहीं रेंग रही है। परेशान हाल किसान तय कर चुका है कि लोकसभा चुनाव में वह भाजपा सरकार की विदाई करके मानेगा।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव बार-बार यह कह रहे हैं कि भाजपा सरकार में किसान बर्बाद है। भाजपा सरकार की नीति और नीयत दोनों किसान विरोधी है। खराब नीति व नीयत की वजह से ही अभी तक गन्ना मूल्य तय नहीं किया गया है। किसानों को गन्ना का बकाया भुगतान नहीं मिला। गन्ना का लाभकारी मूल्य



फोटो स्रोत : गूगल

किसानों को मिलना चाहिए। वह बराबर यह आवाज उठा रहे हैं कि भाजपा सरकार गन्ना का लाभकारी मूल्य क्यों नहीं घोषित कर रही है? भाजपा सरकार सिर्फ झूठे वादों पर टिकी है। महंगाई, कर्ज और लागत भी नहीं निकाल पाने से किसान के सामने सिर्फ आत्महत्या करने की ही मजबूरी रह जाती है।

उन्होंने कहा कि दो साल हो गए गन्ने की कीमत नहीं बढ़ी। इस वर्ष सरकार ने गन्ने का दाम अभी तक घोषित नहीं किया है। किसान को अपनी फसल पिछली कीमत पर ही चीनी मिलों को देनी पड़ रही है। बहुत से किसानों को घटतौली का शिकार होने के साथ मिल प्रबंधकों द्वारा परेशान किए जाने पर अपना गन्ना कम कीमत पर बिचौलियों को सौंपना पड़ा है। गन्ना किसान को भाजपा सरकार ने पिछला बकाया भी अदा नहीं किया है। सरकार ने मिल मालिकों को संरक्षण दे रखा है।

## समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव बार-बार यह कह रहे हैं कि भाजपा सरकार में किसान बर्बाद है। भाजपा सरकार की नीति और नीयत दोनों किसान विरोधी है। खराब नीति व नीयत की वजह से ही अभी तक गन्ना मूल्य तय नहीं किया गया है

उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार में किसानों को धान, आलू, गन्ना समेत अन्य किसी भी फसल का सही मूल्य नहीं मिल रहा है। किसान कर्ज में डूबता जा रहा है। किसानों के धान की खरीद नहीं हुई। किसान अपनी फसल लिए इधर-उधर भटकता रहा। आलू का बाजार भाव गिरने से आलू किसानों को नुकसान हो रहा है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से झूठे वादे किये। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। भाजपा के धोखे और झूठ से किसान खुद को छला महसूस कर रहा है। एक तरफ प्रदेश का किसान संकट में है, परेशान है। दूसरी तरफ भाजपा सरकार दिखावा कर रही है और जश्न मना रही है।

उन्होंने इस बात पर दुख जताया है कि भाजपा सरकार की उपेक्षा और किसान विरोधी नीतियों के कारण किसानों का खेती से मोह भंग हो रहा है। किसान खेती छोड़ने को मजबूर हैं, इसका प्रभाव कृषि उत्पादन पर पड़ेगा। देश में धान, गेंहू और दालों का उत्पादन घटा है जिसकी जिम्मेदार भाजपा सरकार है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के रवैये से प्रदेश का किसान आहत है। 2024 के लोकसभा चुनाव में यही किसान भाजपा की विदाई कर देगा।

# ख्वाजा के दरबार में अखिलेश ने भेजी चादर

बुलेटिन ब्यूरो






सूफी संस्कृति के प्रतीक, महान सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के सालाना उर्स के लिए ख्वाजा साहब के दरबार में पेश करने के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने अकीकत के साथ 10 जनवरी को चादर रवाना की। ख्वाजा साहब का 812वां सालाना उर्स 18 जनवरी को अजमेर शरीफ दरगाह में मनाया जाएगा।

श्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की प्रगति और खुशहाली तथा कौमी सद्भाव की कामना के साथ हजरत पीर बरकत मियां हाशमी नियाजी मदारी कौमी सदर चिश्तिया कमेटी उत्तर प्रदेश को चादर सौंपी है। हजरत पीर बरकत मियां हाशमी यह चादर सालाना उर्स के मौके पर ख्वाजा साहब के दरबार में पेश करेंगे।

ख्वाजा साहब के दरबार के लिए चादर रवाना करने के अवसर पर राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, विधायक ओम प्रकाश सिंह, मुबीन खां प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी अल्पसंख्यक सभा उत्तर प्रदेश, अजहर जमाल सोनू, इरफान अहमद पिंड, अनस खान, समद फारूकी, राशिद अली, फैजान अशरफ आदि मौजूद थे।

# गोवा में समाजवादियों की संभावना



गोवा की चर्चा छिड़ते ही लोगों के दिल-दिमाग में वहां समुद्र किनारे धूप तापते सैलानियों की भीड़-भाड़ के नजारे बसे दिखते हैं जबकि गोवा में गोवा मुक्ति आंदोलन के स्मृति स्थलों के अलावा जनजीवन में घुलीमिली संस्कृति की भी झलकियां आकर्षित करती हैं।

गोवा से समाजवादियों का पुराना संबंध रहा है। डॉ लोहिया ने आजादी की जो अलख जगाई थी उसी का परिणाम है कि आज गोवा स्वतंत्र है। गोवा का लोहिया मैदान समाजवादी आंदोलन के लिए प्रेरणादायक प्रतीक स्थल है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव, लोहिया जी के उसी रास्ते पर चल रहे हैं जो अन्याय के प्रतिकार, लोकतंत्र को बचाने, वंचितों को अधिकार दिलाने का रास्ता है। समाजवादी पार्टी डॉ लोहिया की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित है।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी लगातार संविधान प्रदत्त अधिकारों को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। समाजवादियों का मानना है कि लंबे स्वतंत्रता संग्राम के बाद जो आजादी मिली उसे उसी भावना के साथ सहेजे रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। लोकतंत्र मात्र अधिकार नही है बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। इस दिशा में श्री अखिलेश यादव पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रहे हैं।

वास्को डी गामा, भारत की धरती पर जिसने पहला पैर रखा था, उसका अन्तिम संस्कार भी इसी धरती पर हुआ। उसकी मृत्यु के बाद उसका पार्थिव शरीर 14 साल बाद पुर्तगाल वापस ले जाया गया। इतिहास ऐसे ही अपने को दुहराता है। केरल की धरती से पुर्तगाली राज का प्रारम्भ हुआ था और उसका अंत गोवा, दमन, दीव की आजादी से हुआ।

श्री अखिलेश यादव के निर्देश पर 19 दिसंबर 2023 को गोवा में मनाए जाने वाले गोवा मुक्ति दिवस के विविध आयोजनों में 18 से 22 दिसंबर 2023 तक उप्र के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी शामिल हुए। गोवा में 1961 से ही 15 अगस्त, 26 जनवरी, 18 जून और 19 दिसंबर के दिन सरकारी अवकाश होता है। हर वर्ष 19 दिसंबर को गोवा लिबरेशन डे मनाया जाता है।

इस वर्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया था। इस आयोजन में

समाजवादी पार्टी के एमएलसी जासमीर अंसारी, शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेंद्र मिश्र 'मशाल,' उप्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के पूर्व ओएसडी आशीष यादव 'सोनू' भी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में शामिल हुए।

प्रतिनिधिमंडल गोवा पहुंचा और डबलिन एयरपोर्ट से गंतव्य स्थल के लिए निकला तो उन्हें रास्ते में सड़क के दोनों तरफ पुर्तगाली शैली के बने घर दिख रहे थे। गंतव्य स्थल के पहले मंगेसी गांव से गुजरने पर उन्हें भारतरत्न लता मंगेशकर का पैतृक गांव मंगेश दिखा।

फोण्डा के निकट कुंडई गाँव स्थित पीसफुल सोसायटी (गांधीवादी केन्द्र) के हर्बल गार्डन के विश्राम गृह के सभी कमरें भारत की विभिन्न नदियों के नाम पर मिले। पीसफुल सोसायटी का पूरा प्रांगण विभिन्न औषधीय वनस्पतियों, देश-विदेश के अनेक प्रजाति के पेड़-पौधों से समृद्ध दिखा। यह केंद्र गांव के मध्य में स्थित है जिसके पड़ोस में भगवान गणेश, मां दुर्गा, साईं मंदिर, गुरूद्वारा, चर्च से घंटियों के साथ गुरवाणी एवं प्रार्थना की आवाजें आती रहती है।

गोवा में सुबह के समय 6.30 के बाद ही उजाला होता है। ब्रेड और जरूरी खाने की वस्तुएं लेकर फेरीवाला साइकिल पर भोंपू बजाते हुए घरों के सामने से निकलता दिखा। गोवा शैली में अमूमन घरों के सामने पूरा खुला और मुख्य भवन के चारों ओर खाली स्थान रहता है। गांवों में सामूहिकता की भावना प्रबल है। दैनिक जीवन में लोग एक दूसरे के सहयोगी हैं। क्रिसमस पर ईसाई समुदाय के लोग जहां अपने घरों को स्टार और झालर लाइट से सजा रहे थे वहीं हिन्दू परिवारों में नवदुर्गा प्रतिमा की पालकी को लेकर हलचल साफ दिख रही थी।

गोवा भ्रमण में प्रतिनिधिमंडल ने 16वीं शताब्दी में ऐतिहासिक स्मारक वायसराय आर्क भी देखा जिसका निर्माण पुर्तगालियों की गोवा जीत की स्मृति में बना। इसका निर्माण वायसराय फ्रांसिस्को दा गामा (वास्को डी गामा के परपोते) द्वारा किया गया। मंडोवी नदी के तट पर स्थित यह स्मारक पुराने गोवा का प्रवेश द्वार था। तोरणद्वार के मध्य में वास्को डी गामा की मूर्ति और किनारे तलवार लहराती एक महिला की मूर्ति है। वास्को डी गामा, केरल के कालीकट तट पर पहुंचने वाले प्रथम पुर्तगाली नाविक थे। फिर यहां आए पुर्तगाली सैनिक और उनका राज गोवा दमन दीव तक फैल गया। यह राज अगली साढ़े चार सदियों तक चला।

गोवा लिबरेशन डे पर पीसफुल सोसायटी के हर्बल गार्डन में श्री राजेन्द्र चौधरी ने ध्वजारोहण किया। संबोधन में उन्होंने गोवा की आजादी में डॉ राममनोहर लोहिया के योगदान, स्वतन्त्रता आन्दोलन के मूल्य, लोकतंत्र और संविधान के मौजूदा विमर्श की चर्चा की।

श्री राजेन्द्र चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को गोवा से समाजवादियों के 77 साल पुराने भावनात्मक सम्बन्धों की याद दिलाते हुए आश्वस्त किया कि श्री अखिलेश यादव का गोवावासियों के साथ जुड़ाव बना रहेगा। विचार गोष्ठी में कई वरिष्ठ पत्रकार, सोशल एक्टिविस्ट, प्रोफेसर, बुद्धिजीवी एवं स्थानीय












नागरिक शामिल हुए। उन्होंने सामूहिक रूप से मौजूदा परिस्थितियों के प्रति चिंता जाहिर किया। समाज में बढ़ रही सांप्रदायिकता एवं नफरत को रोकने के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया।

आयोजन में शामिल जागरूक लोगों ने सामूहिक रूप से गोवा की प्राचीन स्थानीय संस्कृति का अपमान करके एक ही विचार को थोपने के खिलाफ असहमति जताई और एकजुटता का आह्वान किया। श्री कुमार कलानंद मणि ने गोवा की आजादी के संघर्ष में डॉ राममनोहर लोहिया, मधु लिमये सहित अन्य समाजवादी नेताओं के संघर्ष को याद किया।

इस अवसर पर कुमार कलानन्द मणि, भारती बांदोडकर, अंजली नाईक, विराज नाईक, दुर्गादास गावड़े, कनिक लाल, दिनेश नाईक, जितेंद्र नाईक, कमला देवी, अनीता देवी, भाव्याश्री, नीरज कुमार सहित अन्य स्थानीय प्रमुख लोगों की उपस्थिति रही।

पुर्तगाल सरकार के खिलाफ जनांदोलन के आह्वान पर समाजवादी नेता डॉ राममनोहर लोहिया को दक्षिण गोवा में मरगाओ सेंट्रल स्क्वायर से 18 जून 1946 को गिरफ्तार कर अगोडा जेल में बंद किया गया था। जेल में बंदी रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की सूची में डॉ राममनोहर लोहिया का नाम भी अंकित है। जेल अवधि में डॉ लोहिया के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। असहनीय यातनाएं दी गई।

श्री राजेन्द्र चौधरी को गोवा मुक्ति दिवस पर गोवा स्वतंत्रता आंदोलन के महान शिल्पकार डॉ राममनोहर लोहिया की जेल म्यूजियम स्थित प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करने का सुअवसर मिला। जेल की जिस बैरिक में डॉ राममनोहर लोहिया को बंदी बनाकर रखा गया था वहां उनकी आदमकद प्रतिमा लगी है। विभिन्न प्रांतों से काफी संख्या में लोग आए हुए थे। पर्यटकों में राम मनोहर लोहिया के विषय में जानने की बहुत उत्सुकता थी।

गोवा मुक्ति दिवस आयोजन समारोह के दौरान गोवा भ्रमण के क्रम में श्री राजेन्द्र चौधरी द्वारा फोण्डा के मडकाई स्थित देवी

नवदुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना कर सबके कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। मंदिर प्रबंध समिति के सदस्यों ने देवी नवदुर्गा का चित्र, ध्वज पताका और नवदुर्गा मंदिर का वार्षिक कैलेंडर भेंट किया। मंदिर प्रबंध समिति के परेश तारी मोर्जेगकर, देवेंद्र मडिकायिकर, शैलेंद्र पंजीकर, सुदेश जालमी एवं हेमंत काडे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

गोवा मुक्ति दिवस आयोजन समारोह के दौरान गोवा भ्रमण के क्रम में श्री राजेन्द्र चौधरी द्वारा फोण्डा के मडकाई स्थित देवी नवदुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना कर सबके कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। मंदिर प्रबंध समिति के सदस्यों ने देवी नवदुर्गा का चित्र, ध्वज पताका और नवदुर्गा मंदिर का वार्षिक कैलेंडर भेंट किया। मंदिर प्रबंध समिति के परेश तारी मोर्जेगकर, देवेंद्र मडिकायिकर, शैलेंद्र पंजीकर, सुदेश जालमी एवं हेमंत काडे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

नवदुर्गा मंदिर 500 साल से भी अधिक प्राचीन है इसका जीर्णोद्धार 1603 में किया गया। मड़काई के नवदुर्गा मंदिर में पूजी जाने वाली इष्टदेवी दुर्गा का वह रूप हैं जिन्हें महिषासुरमर्दिनी के नाम से जाना जाता है। मंदिर में भगवान गणेश, बेताल, नारायण, गोपी कृष्ण, ग्रामपुरुष और रावलनाथ की भी पूजा की जाती है। प्रत्येक वर्ष नवंबर में यहां हजारों लोग दर्शन करने आते हैं।

श्री राजेन्द्र चौधरी साथियों के साथ गोवा की ऐतिहासिक मस्जिद देखने के लिए गये। पुरातात्विक स्थल फोण्डा स्थित 15 वीं ई में निर्मित साफा मस्जिद उत्तर प्रदेश के आगरा स्थित दुनिया के सातवें अजूबे ताजमहल से भी पुरानी है। इस मस्जिद का निर्माण ई 1560 में इब्राहिम आदिलशाह द्वारा किया गया था। यह मस्जिद आयताकार है और इसमें बिना स्तंभों का एक प्रार्थना कक्ष है जो ऊंचे चबूतरे पर स्थित है। मस्जिद का भीतरी और बाहरी भाग पर्सियन मेहराबों से घिरा है।

समाजवादी साथियों का गोवा के सबसे पुराने चर्च बेसिलिका ऑफ बॉम जीसस भी जाना हुआ। इसे ओल्ड चर्च के नाम से जाना जाता है। बेसिलिका ऑफ बॉम जीसस चर्च में सेंट फ्रांसिस जेवियर के अवशेषों को रखा गया हैं। यहां रखे अवशेष 400 सालों से सुरक्षित रखे हुए हैं और एक दशक में उन्हें एक बार निकाला जाता हैं। 1594 में इस चर्च का निर्माण किया गया और 1605 में इसे संरक्षित किया गया। यह यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व विरासत स्थल है।

गोवा यात्रा के दौरान श्री राजेन्द्र चौधरी ने गोवा के मडगांव स्थित लोहिया मैदान में डॉ राममनोहर लोहिया की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करने के बाद लोहिया मैदान में प्रतिमा के समीप भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उल्लेखित शिलापट्ट, मनोहर राय सरदेसाई की कविता 18 जून और डॉ लोहिया मैदान के मंच का अवलोकन किया। लोहिया मैदान में 18 जून क्रांतिदिन समिति के कोषाध्यक्ष गोवावासी श्री विनायक मोडेडकर ने 18 जून को मडगांव की सभा में डॉ राममनोहर लोहिया और गोवा के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी दुर्लभ जानकारियां साझा की।

मडगांव में पुराने समाजवादियों, पत्रकारों और स्थानीय लोगों से संवाद के क्रम में समाजवादी आंदोलन के महान नेता डॉ राममनोहर लोहिया के योगदान की विशेष रूप से चर्चा हुई। क्रांतिदिन समिति के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव को लोहिया मैदान में आगामी आयोजन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। गोवा विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ विपिन तिवारी ने श्री अखिलेश यादव के लिए पुस्तकें भेंट कीं। कुमार कलानंद मणि ने राजेन्द्र चौधरी को गांधी सर्व इंडिया प्रकाशन की पुस्तक भेंट की जबकि गोवा की सुपरिचित सामाजिक कार्यकर्ता भारती बांदोडकर ने महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित स्वलिखित दो पुस्तकें तू गायत्री, तू गंगोत्री और हिरकणी भेंट की।

गोवा मुक्ति दिवस पर समाजवादियों की यह पांच दिवसीय यात्रा समग्रता में मौजूद समाजवादियों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। इससे जहां एक ओर समाजवादी विचारधारा का फैलाव हुआ, वहीं तटीय क्षेत्र से उत्तर भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक जुड़ाव की डोर मजबूत हुई। समाज के विभिन्न वर्गों में श्री अखिलेश यादव और समाजवादी विचारधारा के प्रति जुड़ाव की उत्सुकता भी देखने को मिली। गोवावासी श्री अखिलेश यादव के राजनीतिक नेतृत्व में भविष्य की असीम संभावना देखते हैं।

**(प्रस्तुति-जासमीर अंसारी, सदस्य विधान परिषद उप्र)**

# स्वामी विवेकानंद से मिलती है प्रेरणा

बुलेटिन ब्यूरो

महान आध्यात्मिक गुरू, युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती को समाजवादी पार्टी ने राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हुए स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए याद किया।

समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर 12 जनवरी को जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए स्वामी विवेकानंद के कृतित्व-व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी से पूरी दुनिया प्रेरणा लेती है। शिकागो में दिया गया उनका भाषण बहुत महत्वपूर्ण था।

इस अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने पूरे विश्व में भारत का नाम ऊंचा किया।



# लोकतंत्र की सशक्त आवाज थे राजनारायण

बुलेटिन ब्यूरो

लोकबंधु राजनारायण की पुण्यतिथि पर 31 दिसंबर 2023 को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ समेत पूरे उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में नमन करते हुए उनके बताए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया गया।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने नमन करते हुए कहा कि लोकबंधु श्री राजनारायण जी क्रांतिकारी नेता, लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उन्होंने शोषितों, वंचितों की आवाज सशक्त ढंग से उठाई। श्री यादव ने कहा कि श्री राजनारायण जी अन्याय के खिलाफ हमेशा मुखर रहे। छात्र जीवन से ही समाजवादी विचाराधारा से जुड़ गए थे और आजीवन वे समाजवादी मूल्यों के लिए समर्पित रहे।



समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में श्री राजनारायण जी के चित्र पर सर्वश्री राजेन्द्र चौधरी राष्ट्रीय सचिव, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, अम्बिका चौधरी पूर्व मंत्री, नारद राय पूर्व मंत्री आदि नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा की ज्योति जलाई

बुलेटिन ब्यूरो



देश की प्रथम महिला शिक्षक श्रीमती सावित्रीबाई फुले की जयंती को समाजवादी पार्टी ने सादगी से मनाते हुए उन्हें नमन किया। 3 जनवरी को जयंती पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने श्रीमती सावित्रीबाई फुले जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। वरिष्ठ समाजवादी एवं पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर श्री अखिलेश यादव ने कहा कि श्रीमती सावित्रीबाई फुले जी भारत में शिक्षा की ज्योति जलाकर महिला सशक्तीकरण का मार्ग प्रशस्त करने वाली महान समाजसेविका थी। उन्होंने शैक्षिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से महिलाओं को आगे बढ़ाया। उन्होंने देश का पहला महिला स्कूल खोला था।

श्री यादव ने कहा कि जाति की जंजीरों को तोड़कर महिलाओं में नई चेतना जगाने में सावित्रीबाई फुले जी का बड़ा योगदान रहा है। समाज में व्याप्त छुआछूत और अंधविश्वास के खिलाफ उन्होंने संघर्ष किया। उन्होंने विधवा महिलाओं के पुनर्विवाह का न केवल समर्थन किया अपितु उसे आंदोलन का रूप भी दिया।

# बहुजन नायक बिजली पासी को याद किया

बुलेटिन ब्यूरो



समाजवादी पार्टी ने 25 दिसंबर 2023 को महाराजा बिजली पासी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया। लखनऊ के सोनई कंजेहरा गांव में जयंती पर उन्हें याद करते हुए पूर्व मंत्री आर के चौधरी ने कहा कि बहुजन समाज को आत्मसम्मान की लड़ाई लड़ते हुए शासन, प्रशासन, राज्य व्यवस्था में भागीदारी लेनी चाहिए।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने बहुजन नायक एवं महान योद्धा को शत-शत नमन करते हुए कहा कि सभी वंचित, पीड़ित जातियों के स्वाभिमान के लिए समाजवादी पार्टी संकल्पित है।

# साफ़ और बेबाक 𝕏





**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

Socialist Leader of India. Chief Minister of UP (2012 - 2017)

---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh · 17h

आदरणीय श्री चंपत राय जी
महासचिव
श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र
अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के स्नेह निमंत्रण के लिए धन्यवाद एवं समारोह के सकुशल संपन्न होने की हार्दिक शुभकामनाएँ।

हम प्राण प्रतिष्ठा के समारोह के पश्चात सपरिवार दर्शनार्थी बनकर अवश्य आएंगे।

आज प्राप्त निमंत्रण के लिए पुनः धन्यवाद!

सादर
आपका
अखिलेश

---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh · 18h

ऐसे सच्चे समाजवादी-समर्थकों के उत्साह से ही संघर्ष जीते जाते हैं।




---

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

बनारस में बनी टेंट सिटी के हश्र को याद करते हुए, इस बार टेंट सिटी अच्छे ठेकेदारों से बनवाइयेगा और वो उप्र के हों तो और भी अच्छा होगा नहीं तो जवाब देने से पहले ही वो फ़रार हो जाएँगे।

... और हाँ एक बात और ताजमहल के पास की यमुना जी को भी स्वच्छ करवा लीजिएगा क्योंकि यही आगे जाकर गंगाजी में मिलकर बनारस भी जाती है।

Translate Tweet




---

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

हुक्मरानों ने चला रखी है ये अजब रवायत नयी
साज़िश भी वही करते हैं और शिकायत भी वही

Translate Tweet

**इन दो लोगों ने जुबैर खान बनकर दी थी राम मंदिर और सीएम योगी को बम से उड़ाने की धमकी, UP STF ने किया गिरफ्तार**

राम मंदिर उड़ाने और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले दो आरोपियों को यूपी एसटीएफ ने विभूतिखंड से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान ताहर सिंह निवासी गोंडा के ग्राम विश्वम्भरपुर और ओम प्रकाश मिश्रा निवासी गोंडा के ग्राम बमडेरा के तौर पर हुई है। आरोपी ने खुद को जुबैर खान बनकर धमकी दी थी।

---

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

उप्र के लिए हवा-हवाई दावे करनेवाले माननीय ये भी तो बताएं :

- एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कितनी ग्रोथ रेट होनी चाहिए और वास्तव में कितनी है?
- देश को प्रधानमंत्री और सबसे अधिक सांसद देनेवाले उप्र को दिल्लीवालों ने कितने एक्सप्रेस-वे दिए?
- इंवेस्टमेंट कितना ज़मीन पर उतरा व उससे कितना उत्पादन हुआ और उससे कितनों को रोज़गार मिला?

---

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

सच्चे मन से ही सच्चे रिश्ते बनते हैं।

रायबरेली के लक्ष्मण निषाद पिछले चार सालों से हर साल जब भी अपने तालाब के सिंघाड़े भेंट करने आते हैं तो वो दिन याद आता है जब उनके तालाब पर रूक कर सिंघाड़े खाये थे।

हर किसी की मेहनत का सम्मान करना चाहिए और अपने-अपने स्तर पर प्रोत्साहन भी।

Translate Tweet



---

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

भाजपा सरकार किसानों के शोषण का पर्याय बन गयी है। यूरिया की बोरी वज़न में घटकर अब 40 किलो की हो गयी है। किसान ये साधारण गणित अच्छे से समझता है कि पहले ₹ 266.50 में 45 किलो यानी एक किलो यूरिया का दाम लगभग ₹ 5.92 पड़ता था लेकिन अब ₹ 266.50 में 40 किलो यानी लगभग 6.66 किलो प्रति किलो पड़ेगा मतलब एक झटके में यूरिया 12% से भी ज़्यादा महँगी हो गयी है।

भाजपा राज में अगर इसी तरह 'बोरी की चोरी' जारी रही तो एक दिन किसानों को खाली बोरी ही मिलेगी।

आगामी चुनाव में किसान भाजपा की कृषि-कृषक विरोधी राजनीति का खेत खोद देंगे।

---

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

मध्य उप्र के सर्वदलीय विधायकों के साथ... लोकतंत्र की मुस्कुराती हुई तस्वीरें.

Translate Tweet



---

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

सर्दी में खुले में ठिठुरने पर मजबूर है निर्धन
और नारा ये कि गोरखपुर बनेगा नम्बर वन

Translate Tweet





Following

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

ये उप्र में अपराध के ख़िलाफ़ ज़ीरो टॉलरेंस के ज़ीरो हो जाने का परिणाम है।

Translate Tweet



**UP की बड़ी खबरें:** महोबा में दरोगा से परेशान होकर शिक्षक ने किया सुसाइड, SP ने

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

भाजपा अपराधी को पदाधिकारी बना रही है... इससे पुलिस बल का मनोबल गिरेगा।

क्या इस अन्याय के ख़िलाफ़ भी न्यायालय को ही आदेश पारित करना पड़ेगा। भाजपा में नैतिकता क्या पूरी तरह से मर गयी है।

Translate Tweet

**स्याना हिंसा के आरोपी सचिन अहलावत को भाजपा ने बनाया मंडल अध्यक्ष**

BY VIBHA SHUKLA - 08 JAN 2024 12:03 PM



**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

सपा सरकार में जब हमने उप्र की युवा प्रतिभाओं को लैपटॉप दिये थे तो यही सपना था कि युवा उन लैपटॉपों का इस्तेमाल अपनी पढ़ाई के लिए करके ज़िंदगी में एक बड़ा मुकाम हासिल करें। आज दीपेश, नोमान, अर्पित और अमन जैसे हज़ारों युवाओं ने उस सपने को साकार करके ये साबित कर दिया है कि बड़ी सोच के नतीजे भी बड़े निकलते हैं।

सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ!

#सपा_का_काम_जनता_के_नाम

Translate Tweet



**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

यूपी में अपराधी हर दिन भाजपा सरकार को ठेंगा दिखा रहे हैं और मुँह भी चिढ़ा रहे हैं। आज बेख़ौफ़ लूटेरे एटीएम ही नहीं भाजपा सरकार के अपराध के ख़िलाफ़ ज़ीरो टॉलरेंस के सारे दावे भी पिकअप में लाद के ले गये हैं।

भाजपा ने उप्र को अपराधियों का अभयारण्य बना दिया है।

Translate Tweet

**SBI एटीएम को तोड़ नहीं सके तो उखाड़ ले गए: बाक्स में 30 लाख कैश थे, पिकअप में लादा, फिर राजस्थान बॉर्डर की तरफ भागे**

आगरा 21 मिनट पहले




**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

सांड की क्या गलती किसी ने कह दिया होगा भाजपा सबके खाते में 15 लाख दे रही है, वो भी भ्रम और बहकावे में बैंक पहुँच गया होगा

Translate Tweet



**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

जब नारी सड़कों पर आती है
तब सत्ता बदलकर जाती है!

बीएचयू के भाजपाई अपराधियों को ऐसी सज़ा दी जाए कि फिर कोई सत्ता के अहंकार में किसी स्त्री की गरिमा और अस्मिता के ख़िलाफ़ भाजपा सरकार के संरक्षण का दुरुपयोग न कर सके।

आज उत्तर प्रदेश और देश की हर नारी पूछ रही है: भाजपा के प्रश्रय-प्राप्त अपराधियों की गाड़ी कभी क्यों नहीं पलटती?

भाजपा हटाओ, नारी का मान बचाओ!

Translate Tweet



**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

बेरोज़गार युवाओं को दिया भाजपा ने बस यही काम
आवारा पशुओं से अपने खेत बचाने का करो इंतज़ाम

Translate Tweet



**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

किसी की हत्या और उसके सदमे में किसी की आत्महत्या दोनों ही दरअसल हत्या ही हैं।

छिबरामऊ में सर्राफा व्यापारी की बदमाशों ने गोली मार कर जो हत्या की है उसके सदमे में उसकी मंगेतर ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है। ये बहुत दुखद ख़बर है।

क़ानून-व्यवस्था के मामले में उप्र को एक गहरे शून्य में धकेलकर भाजपा सरकार ने शासन करने का नैतिक अधिकार खो दिया है।

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

मशहूर शास्त्रीय संगीत गायक 'पद्म भूषण' उस्ताद राशिद खान जी का निधन संपूर्ण संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

दिवंगत आत्मा की शांति की कामना। शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना।



भारतीय इतिहास की सबसे बड़ी लड़ाई हिन्दू धर्म में उदारवाद और कट्टरता की लड़ाई, पिछले पाँच हजार सालों से भी अधिक समय से चल रही है और उसका अन्त अभी भी दिखाई नहीं पड़ता। इस बात की कोई कोशिश नहीं की गई, जो होनी चाहिये थी, कि इस लड़ाई को नजर में रखकर हिन्दुस्तान के इतिहास को देखा जाय । लेकिन देश में जो कुछ होता है, उसका बहुत बड़ा हिस्सा इसी के कारण होता है ।सभी धर्मों में किसी न किसी समय उदार वादियों और कट्टर पंथियों की लड़ाई हुई है। लेकिन हिन्दू धर्म के अलावा वे बँट गये, अक्सर उनमें रक्तपात हुआ और थोड़े या बहुत दिनों की लड़ाई के बाद, वे झगड़े पर काबू पाने में कामयाब हो गये। हिन्दू धर्म में लगातार उदार वादियों और कट्टर पंथियों का झगड़ा चला आ रहा है जिसमें कभी एक की जीत होती है कभी दूसरे की और खुला रक्तपात तो कभी नहीं हुआ, लेकिन झगड़ा आजतक हल नहीं हुआ और झगड़े के सवालों पर एक धुन्ध छा गया है।

— डॉ राम मनोहर लोहिया

समाजवादी पार्टी

/samajwadiparty
www.samajwadiparty.in